Brain International School
Vikas Puri, New Delhi

अभ्यास पत्र - 2

विषय - हिंदी **कक्षा - छह** **मई - 2025**

प्रश्न 1.पाठ 'गोल' के अनुसार दी गई घटनाओं को क्रम से लिखिए ।

1. 'पंजाब रेजिमेंट' और 'सैंपर्स एंड माइनर्स' की टीमों के बीच खेल हो रहा था।
2. माइनर्स के खिलाड़ी लेखक से गेंद छीनने की कोशिश कर रहे थे।
3. लेखक ने अपना बदला ले लिया था।
4. लेखक ने छह गोल दाग दिए।
5. लोग लेखक को 'हॉकी का जादूगर' कहने लगे।
6. बर्लिन ओलंपिक में लेखक को कप्तान बनाया गया।
7. लोग लेखक की सफलता का राज जानना चाहते थे।

प्रश्न 2. 'तुम चिंता मत करो, इसका बदला मैं ज़रूर लूँगा।' पंक्ति के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) लेखक ने यह बात किससे कही थी ?

(ख) वह खिलाड़ी मन-ही-मन क्या सोच रहा होगा ?

(ग) लेखक ने किस प्रकार बदला लिया था ?

प्रश्न 3. पाठ 'गोल' में खेल समाप्त होने पर लेखक ने उस खिलाड़ी की पीठ थपथपाई। ऐसा उन्होंने क्यों किया था ? दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प का चयन कीजिए।

क) लेखक ने उसे शाबाशी देने के लिए किया था।
ख) लेखक ने व्यंग्य करते हुए ऐसा किया था।
ग) लेखक ने उस खिलाड़ी को नीचा दिखाने के लिए किया था।

प्रश्न 4. दिए गए शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए।

क) स्वर्ण

ख) निश्चित

ग) अभ्यास

घ) तरक्की

ङ) सफलता